CMYK

रायगढ़, सोमवार, फा.शु. 4
19.02.2018
शत के सूर्य, उ.भा. 12 बजे दिन से, वैनायकी 4 व्रतम्
पृष्ठ 8, मूल्य 3

साप्ताहिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

SJU Social Justice Union

Web: www.nyaysakshi.com

3 देखें...नौकरी दिलाने का झांसा .... 6 देखें मनोरंजन में ....

» वर्ष-1 » अंक - 36 »

## अंतर्राष्ट्रीय खबरें

### देश में पीएम मोदी का नहीं है कोई विकल्प

मेरठ, (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने दावा किया कि अगले वर्ष होने वाले आम चुनाव में भाजपा अकेलेदम 300 से अधिक सीटों पर जीत हासिल करेगी। मौर्य ने यहां संवाददाताओं से कहा कि विरोधी दल गठबंधन बनाएं या महागठबंधन, 'मोदी-योगी जी का अश्वमेघ का घोड़ा रोके नहीं रुकेगा।' उप-मुख्यमंत्री ने राम मंदिर निर्माण में प्रदेश सरकार की किसी भूमिका से इनकार किया। उन्होंने कहा, 'इसमें दो पक्षकार हैं और मामला उच्चतम न्यायालय में विचाराधीन है। सरकार बातचीत का कोई प्रयास नहीं कर रही है। अदालत का जो फैसला होगा, मान्य होगा।' एक अन्य सवाल के जबाव में उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में बहुत बड़ा निवेश आने वाला है और इससे सूबे में उद्योगों की बाढ़ आ जायेगी। प्रदेश की कानून व्यवस्था को लेकर पूछे गये सवाल के जवाब में मौर्य ने कहा कि राज्य में अपराधियों में पुलिस का खौफपैदा हो रहा है। उन्होंने कहा कि अभी भी राज्य को अपराध मुक्त बनाने में वक्त लगेगा।

### भारी मात्रा में अवैध होलोग्राम, ढक्कन, रैपर बरामद

लखनऊ, (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश एसटीएफ ने शराब और तस्करी कर लायी गयी भारी मात्रा में अवैध होलोग्राम, ढक्कन और रैपर बरामद किया है जिसकी कीमत 20 लाख रुपये आंकी गयी है। पुलिस ने इस संबंध में कानुपर से दो शराब तस्करों को भी गिरफ्तार किया है। एसटीएफ प्रवक्ता ने यहां बताया कि इकाई को पूर्वी, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जनपदों में बड़ी कंपनियों के अवैध शराब के होलोग्राम, ढक्कन और रैपर की बिक्री की सूचना मिली थी। इन सूचनाओं के आधार पर कार्रवाई करते हुए एसटीएफ कानपुर की टीम ने बाबूपुरवा इलाके में घेराबंदी की और सोनी ट्रांसपोर्ट के ऊपरी भाग में बने दोनों कमरों को खुलवाकर उनकी तलाशी ली। वहां से भारी मात्रा में अवैध होलोग्राम, ढक्कन और रैपर बरामद हुए। इस संबंध में राजेश कुमार तथा सोनू उर्फ विपिन कुमार शर्मा को गिरफ्तार किया गया है। जबकि वाहिद, शहजादे तथा विनीत गुप्ता उर्फ लाली फरार हो गये हैं, उनकी तलाश जारी है। इनके पास से एक गाड़ी और कुछ नकद राशि भी बरामद हुई है।

### धर्म के नाम पर हत्या नहीं की जा सकती

नई दिल्ली (आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने धर्म के नाम पर की जाने वाली हिंसा की कड़ी निंदा की है। कोर्ट ने घृणास्पद अपराध पर सख्त चेतावनी देते हुए कहा है कि धर्म के नाम पर हमला या हत्या नहीं की जा सकती। सुप्रीम कोर्ट ने अदालतों से भी कहा है कि वे अपने आदेश में ऐसी कोई टिप्पणियां न करें जो किसी समुदाय के पक्ष या खिलाफ में जाती प्रतीत हो। सुप्रीम कोर्ट ने ये बातें पुणे मर्डर केस में तीन आरोपियों की जमानत याचिका को खारिज करते हुए कहा। पुणे हाइकोर्ट ने तीनों आरोपियों को जमानत का आदेश दिया था जिसे उच्च न्यायालय ने खारिज कर दिया। कोर्ट ने इसे दोबारा विचार करने के लिए हाईकोर्ट के पास वापस भेज दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने हिदायत देते हुए कहा कि मामलों पर सुनवाई करते समय अदालतों को देश के बहुलतावादी समाज का ध्यान रखना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि धर्म के नाम पर किसी पर हमला या हत्या को सही नहीं ठहराया जा सकता। बता दें कि तीनों आरोपी हिंदी राष्ट्र सेना के सदस्य थे, इन्होंने 2014 में एक मुसलमान को मार डाला था, जिसने हरी टीशर्ट पहनी थी और दाढ़ी रखी थी। हाईकोर्ट ने हत्या के अभियुक्तों को जमानत देते हुए अपने आदेश मे कहा था कि अभियुक्तों की मृतक से कोई निजी दुश्मनी नहीं थी। मृतक का कुसूर सिर्फ इतना था वह दूसरे धर्म का था। धर्म के नाम पर उन्हें मारने के लिए उकसाया गया था।

### पुलिस ने मानसिक-शारीरिक दिव्यांग को बीच सड़क पर पीटा

जमशेदपुर (आरएनएस)। पुलिस को जहां अपने काम के लिए तारीफें मिलनी चाहिए वहीं आए दिन संवेदनहीनता के चलते पुलिस सुर्खियों में आ रही है। ताजा मामला झारखंड के जमशेदपुर का है जहां पुलिसकर्मियों द्वारा मानसिक विक्षिप्त दिव्यांग को सड़क से हटाने के लिए पीटने का मामला सामने आया है। आरोप है कि उसे बीच सड़क से हटाने के लिए पुलिस ने उसके साथ मारपीट की और उसे घसीटा। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जमशेदपुर के जुबली पार्क के पास एक विक्षिप्त दिव्यांग बीच सड़क पर लेटा था। उसे वहां से हटाने के लिए पीसीआर में आए पुलिसकर्मियों पर उसे पीटने और घसीटने का आरोप है। आरोप है कि उसे वहां से हटाने के लिए पुलिसकर्मियों ने उसे पैर से ढकेला और धक्का दिया। घटना की तस्वीरें सामने आने के बाद पुलिस के इस रवैये और कार्यशैली को लेकर सवाल उठ रहे हैं। दिव्यांग को सड़क से हटाने वाले एएसआई ए प्रसाद ने अपना पक्ष रखते हुए कहा, 'हमें सूचना मिली थी कि एक मानसिक विक्षिप्त व्यक्ति एक कार पर पत्थर फेंक रहा है। मैंने उसे डंडे से मारा नहीं, बस वहां से भगाने के लिए डंडा दिखाया।' पुलिस के इस बयान के बावजूद सामने आई तस्वीरें कुछ और ही कहानी कह रही हैं।

## सरकार के अवैध कदम को अदालत में देंगे चुनौती

लाहौर, (आरएनएस)। पाकिस्तान सरकार की ओर से हाफिज सईद द्वारा चलाये जाने वाले मदरसों और स्वास्थ्य सुविधाओं के खिलाफ कार्रवाई के बाद मुंबई हमले के मास्टर माइंड का कहना है कि वह सरकार की इस 'अवैध' कार्रवाई को अदालत में चुनौती देगा। प्रतिबंधित समूहों के खिलाफ कार्रवाई करने के दबाव के बीच पाकिस्तान ने सईद से जुड़े जमात-उद-दावा और फलह-ए-इंसानियत फाउंडेशन द्वारा चलाये जाने वाले एक मदरसे तथा चार डिस्पेंसरी पर नियंत्रण कर लिया। सरकार की कार्रवाई के बाद सईद ने कहा, 'बिना किसी कानूनी



आधार के मुझे 10 महीने तक हिरासत में रखने के बाद, सरकार अब हमारे स्कूलों, डिस्पेंसरी, एम्बुलेंस और अन्य संपत्तियों को नियंत्रण में लेने के लिए अधिसूचना जारी कर रही है। इससे पंजाब, बलूचिस्तान, सिंध, आजाद कश्मीर और उत्तरी भागों में चलने वाले हमारे राहत अभियानों पर असर पड़ेगा।' गृह मंत्रालय की अधिसूचना की प्रति के मुताबिक, '2018 की अधिसूचना संख्या-2 के तहत संघीय सरकार जमात-उद-दावा और फलह-ए-इंसानियत फाउंडेशन से जुड़ी (चल, अचल और मानव संसाधन) संपत्तियों को जब्त करने और नियंत्रण में लेने का निर्देश देती है।' यह अधिसूचना 10 फरवरी को जारी की गयी है। अपने कार्यकर्ताओं के नाम संदेश में सईद ने सभी से शांति बनाये रखने और सरकार की कार्रवाईयों के खिलाफ कोई हिंसा नहीं करने की अपील की है। सईद ने कहा, 'यह सबसे मुश्किल वक्त है, लेकिन कार्यकर्ता शांति बनाये रखें। शासक राजाओं से ज्यादा वफादारों के रूप में काम कर रहे हैं। भारत कश्मीर पर संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव को लागू करने पर कभी विचार नहीं करता, लेकिन हमारे शासकों ने जमात-उद-दावा और फलह-ए-इंसानियत फाउंडेशन जैसे देशभक्त संगठनों के खिलाफ कार्रवाई के लिए राष्ट्रपति की ओर से आदेश पारित करवाया है।

### नर्स की हत्या के प्रयास मामले में भारतीय नागरिक हो सकती है जेल

सिंगापुर, (आरएनएस)। सिंगापुर में प्रेम प्रस्ताव ठुकराने पर नर्सिंग की एक छात्रा की हत्या के प्रयास के मामले में एक भारतीय नागरिक को आजीवन कारावास या 20 साल जेल की सजा सुनाई जा सकती है। साथ ही उसे कोड़े मारने की सजा भी हो सकती है। द स्ट्रेट्स टाइम्स की खबर के मुताबिक, घटना दिसंबर 2013 की है। 34 वर्षीय व्यक्ति ने इससे साफ इंकार किया है कि उसकी मंशा छात्रा की हत्या करने की थी। हालांकि उन्होंने दावा किया है कि जब वह नर्सिंग की छात्रा से मिलने गया था तब उसके पास एक चाकू था। वह छात्रा के सामने में खुदकुशी करने के इरादे से गया था। हालांकि, उसे याद नहीं है कि जहां पर नर्स की छात्रा रहती थी उस अपार्टमेंट में जब उसने लड़की को चाकू मारा तब क्या हुआ। आरोपी के पुलिस को दिये अपने बयान, लड़की की गवाही को ध्यान में रखते हुये न्यायमूर्ति वू बिह ली ने पाया कि आरोपी का लड़की को मारने का इरादा था। उस समय लड़की की उम्र 20 साल थी। आरोपी ने 'बार-बार, लगातार और बलपूर्वक'' हमला किया था। आरोपी को बाद में सजा सुनायी जाएगी। उसे आजीवन कारावास या 20 साल की जेल सजा के साथ संभवतः कोड़े मारने या जुर्माना लगाया जा सकता है।

### आपातकाल के बाद टूरिस्ट ने मालदीव से मोड़ी नजरें, गौते खाने लगी अर्थव्यवस्था

माले, (आरएनएस)। मालदीव में बीते सप्ताह से आपातकाल की घोषणा के बाद यहां आने वाले पर्यटकों ने



अपनी पर्यटन यात्राएं रद्द कर दी हैं। यहां के टूर ऑपरेटर्स की मानें, तो यहां की सरकार द्वारा यह विश्वास दिलाने के बावजूद, कि सैरगाह के लिए मशहूर इस आईलैंड पर हालात सामान्य रहेंगे अब भी रोजाना सैकड़ों पर्यटक यहां अपने होटलों की बुकिंग कैंसल कर रहे हैं। पर्यटकों की इस बेरुखी का असर यहां की अर्थव्यवस्था पर पड़ने लगा है। बता दें पर्यटन से मालदीव की अर्थव्यवस्था में एक तिहाई का योगदान रहता है। तो यामीन भी शरीफ की तरह मुंह में कटोरा दबाकर चीन पहुँच जाएगा। घटिया नेता देश और जनता का बेड़ा गर्क करके जाते हैं। राष्ट्रपति अब्दुल्ला यमीन द्वारा यहां आपातकाल घोषणा करने के बाद चीन, भारत, अमेरिका और ब्रिटेन ने अपने नागरिकों को यहां पर्यटन करने को लेकर चेतावनी जारी कर दी है। राष्ट्रपति अब्दुल्ला यमीन ने अपने देश में इमर्जेंसी घोषित करने के साथ-साथ उन जजों की गिरफ्तारी के आदेश भी दिए थे, जिन्होंने यहां के विपक्षी नेताओं को जेल से रिहा करने के आदेश दिए थे। इसके बाद से यहां के पर्यटन के लिए हालात सामान्य नहीं रहे और विदेशी पर्यटकों ने अपनी यात्राएं रद्द करनी शुरू कर दी हैं। यहां पैराडाइज आईलैंड रिजॉर्ट विला ग्रुप के प्रवक्ता ने बताया, 'यहां आपातकाल की घोषणा के बाद रोजाना 50 से 60 रूम कैंसल हो रहे हैं। अब इस देश में मौजूद हमारी सभी प्रॉपर्टीज का यही हाल है।' पैराडाइज आईलैंड रिजॉर्ट विला ग्रुप यहां पर 282 रूम वाले होटल का संचालन करता है, यह रिजॉर्ट माले से स्पीडबोट द्वारा 20 मिनट के सफर की दूरी पर है। लेकिन इमर्जेंसी से सबसे ज्यादा प्रभावित माले ही है और विदेशी मेहमान अब मालदीव की अपनी यात्राएं टालने लगे हैं। बता दें कि टूरिजम का मालदीव की अर्थव्यवस्था में तीसरा बड़ा शेयर है। बीते साल 2017 में मालदीव की जीडीपी 3.5 बिलियन डॉलर थी। रेटिंग एजेंसी मूडी ने अनुमान लगाया है कि अगल मालदीव के हालात नहीं सुधरे और पर्यटक यहां से ऐसे ही किनारा करते रहे, तो साल 2018 में यहां की जीडीपी को करीब 4.5 फीसदी का नुकसान होगा।

### नेतन्याहू-जैकबः भ्रष्टाचार में दुनिया के दो बड़े नेताओं पर शिकंजा

जोहानिसबर्ग(आरएनएस)। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ भ्रष्टाचार करने और भरोसा तोड़ने के दो मामलों में मुकदमा चलाने की सिफारिश की गई है। पुलिस ने



लेकिन इसमें वर्षों लग सकते हैं। पुलिस के मुताबिक नेतन्याहू ने गत दस साल में करीब तीन लाख डॉलर (1.92 करोड़ रुपये) बतौर उपहार स्वीकार किए हैं। इसके एवज में उन्होंने अनुचित लाभ दिया है। कहा कि उसके पास इस संबंध में पर्याप्त सबूत है। पुलिस ने कहा, 14 महीने की लंबी जांच में हमें पर्याप्त सबूत मिले हैं, जिसके आधार पर राज्य अभियोजन से मुकदमा चलाने की सिफारिश की गई है। उन्होंने कहा, यह मामला पूरी तरह से पद का दुरुपयोग कर भ्रष्टाचार करने और भरोसे को खंडित करने का है। प्रक्रिया के तहत पुलिस की सिफारिश और सबूत देश के अटॉर्नी जनरल को सौंपी, जो नेतन्याहू पर मुकदमा चलाने को लेकर अंतिम फैसला लेंगे। हालांकि, नेतन्याहू पर तुरंत खतरा नहीं है, क्योंकि इजरायली कानून के तहत नेतन्याहू को अदालत से दोषी ठहराए जाने और उस फैसले को हाईकोर्ट द्वारा बरकरार रखे जाने पर ही पद छोड़ना होगा।

उन्होंने बताया कि उपहार के बदले अनुचित लाभ देने के मामले को केस 1000 के रूप में जाना जाता है। जबकि दूसरा मामला येदिओत अहारोनोट अखबार को अधिक कवरेज देने के लिए पिछले दरवाजे से एनोन मोजेस से करार करने का है। इस मामले में केस-2000 के रूप में जाना जाता है।

पुलिस की ओर से केस चलाने की घोषणा करने से कुछ देर पहले नेतन्याहू ने राष्ट्र को संबोधित किया। उन्होंने कहा, मैं स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि मैं पद नहीं छोड़ने जा रहा। इन आरोपों से बेदाग होकर निकलेंगे।

### एक छात्रा के लिए रूस की रेलवे ने किया परिवर्तन

मास्को (आरएनएस)। करीब दो साल पहले जापान के सुदूर स्टेशन पर ट्रेन केवल इसलिए रुकती थी ताकि वह वहां से छात्रों को स्कूल ले जा सके और वापस ला सके। ऐसी ही एक कहानी रूस में सामने आयी है। संत पीटर्सबर्ग-मुरमांस्क ट्रेन ने अपने रूट में एक स्पेशल स्टेशन जोड़ा है वह भी एकमात्र स्कूल जाने वाली बच्ची के लिए जो रोजाना अपनी दादी के साथ स्कूल जाती है। स्थानीय रेलवे कंपनी के प्रवक्ता ने बताया, 'हमने कंडालाक्शा जिला प्रशासन के पोयाकोंडा स्टेशन पर अतिरिक्त स्टॉपेज के आग्रह पर विचार किया और मंजूरी दे दी है।' एक खबर के अनुसार, सुदूर पोयाकोंडा से 14 वर्षीय करीना कोजलोवा अपनी दादी नतालिया कोलोवा के साथ स्कूल जाती है और वहां से वापस आती है। रूस के उत्तर पश्चिमी इलाके में बसा पोयाकोंडा ग्रामीण इलाका है। चूंकि ट्रेन वहां रेलवे कर्मचारियों के लिए रुकती है इसलिए करीना व उसकी दादी के लिए कोई दूसरा विकल्प नहीं है, और वे इसी समय को फॉलो करती हैं। वे सुबह के 7.30 बजे ट्रेन में सवार होती हैं और रात के नौ बजे के करीब वापस लौटती हैं। पोयाकोंडा में मात्र 50 परिवार हैं जिसमें से एक स्कूली छात्रा है। वह जेलेनोबोर्स्की के गांव में स्कूल के लिए जाती है। यहां तक पहुंचने के लिए एक घंटे की ट्रेन यात्रा करनी होती है। रिपोर्ट के अनुसार, दिसंबर में लंबे दूरी वाली ट्रेनों के रूट से पोयाकोंडा स्टेशन को हटा दिया गया था और स्कूल बसों को वहां आना असंभव है क्योंकि मार्ग में 10 किमी का जंगल से घिरा रोड है। और इसलिए मास्को स्टेट यूनिवर्सिटी में कार्यरत करीना की मां ने रेलवे अधिकारियों से यहां स्टॉप बनाने की मांग की। नये स्टॉप बनने के बाद करीना को वापस लौटने में देर नहीं हुआ करेगा। स्पूतनिक इंटरनेशनल के अनुसार, करीना की मां के दरख्वास्त पर क्षेत्रीय अधिकारियों में इस मुद्दे के समाधान के लिए एक नया स्टॉप बनाने की मंजूरी दे दी है।

### देश के कई हिस्सों से लोग चला रहे हैं सरकार

नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अरुणाचल प्रदेश पहुंचे।



उन्होंने यहां दोर्जी खांडू राज्य सभागार का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि अब सरकार दिल्ली से नहीं, देश के कई हिस्सों से लोग चला रहे हैं। पीएम यहां से त्रिपुरा भी जाएंगे जहां वे दो चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। बता दें कि 60 सदस्यीय त्रिपुरा विधानसभा के लिए 18 फरवरी चुनाव होगा। बीजेपी 51 सीटों पर चुनाव लड़ रही है, जबकि उसकी गठबंधन सहयोगी 'इंडीजेनस पीपुल्स फ्रंट ऑफ त्रिपुरा' (आईपीएफटी) ने 9 सीटों पर उम्मीदवार उतारे हैं। पहले सरकार बिखरी-बिखरी होती थी, कोई यहां बैठता था तो कोई वहां। वर्क एन्वायरमेंट का वर्क कल्चर पर प्रभाव पड़ता है। एक ही कैंपस में सारे यूनिट होने के कारण सामान्य लोगों को सुविधा हुई है। सभी मिल-जुलकर एक दिशा में चलते हैं तो सरकार अच्छे से चलती है। एक कैंपस में होने से निर्णय प्रक्रिया और डिलीवरिंग प्रोसेस तेज हो जाती है। आज मैं दोरजी खांडू सेक्रेटरिएट का लोकार्पण करते हुए गर्व महसूस कर रहा हूं। हमने सरकार में एक प्रयोग शुरू किया है। दिल्ली से सरकार चलते हुए 70 साल हो गए। लोग दिल्ली की तरफ देखते थे। अब सरकार दिल्ली से नहीं, देश के कई हिस्सों से लोग चला रहे हैं। मोदी ने कहा, अरुणाचल में मोरारजी देसाई आए थे। बाकी कोई पीएम नहीं आया। पीएम व्यस्त लोग होते हैं। पिछले 3 साल से हमारे मंत्री नॉर्थईस्ट के अलग-अलग क्षेत्रों में लगातार आ रहे हैं। देश में आरोग्य के क्षेत्र में बहुत कुछ करने की आवश्यकता महसूस करते हैं। हम हेल्थ सेक्टर को ताकत देने के लिए काम कर रहे हैं। हम चाहते हैं कि 3 संसदीय क्षेत्रों के बीच मेडिकल कॉलेज बने। हम देश में वेलनेस सेंटर बनाने जा रहे हैं, इससे भी लोगों को फायदा होगा। इससे हम देश की करीब-करीब पंचायतों में पहुंच जाएंगे। बीजेपी ने त्रिपुरा की माणिक सरकार की अगुआई वाली वामपंथी सरकार को चुनाव में शिकस्त देने के लिए आखिरी दांव खेला है। इसी के तहत पीएम यहां पहुंच रहे हैं। यहां मोदी दक्षिणी त्रिपुरा जिले के शांतिर बाजार में पहली चुनावी रैली को संबोधित करेंगे। इसके बाद वे राजधानी अगरतला में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। मोदी ने अपनी पिछली चुनावी रैली में राज्य की माणिक सरकार पर तंज कसते हुए कहा था कि इस राज्य को गलत 'माणिक' मिल गया है, उसे 'हीरा' की जरूरत है। माणिक गलत तरीके से धारण किया जाये तो वह नुकसान पहुंचाता है। हीरा से उनका अभिप्राय हाईवे, आईवेज, रोड्स और एयरवेज था। त्रिपुरा में 12वीं विधानसभा के लिए 18 फरवरी को चुनाव होने हैं। यहां असेंबली की 60 सीट हैं। नतीजे 3 मार्च को मेघालय और नागालैंड के साथ ही आएंगे। फिलहाल यहां सीपीएम की सरकार है और माणिक सरकार 20 साल से मुख्यमंत्री हैं। 2013 के इलेक्शन में बीजेपी को राज्य में एक भी सीट नहीं मिली थी।

### गर्भवती महिला के पेट पर सीपीएम नेता ने मारी लात

तिरुअनंतपुरम(आरएनएस)। दक्षिण राज्य केरल से एक दिल को दहला देनेवाली खबर सामने आयी है। वहां के कोझीकोड की रहने वाली एक गर्भवती महिला को जबरन अपना गर्भपात कराना पड़ा। ऐसा आरोप है कि कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (सीपीएम) नेता ने उसके पेट पर कथित तौर से लात मारी थी जिसकी वजह से उसे ऐसा करवाना पड़ा। पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर लिया है। मामले से जुड़े सात लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पिछले साल भी इस तरह का मामला सामने आ चुका है। 3 नवंबर को सीपीआई (एम) के कार्यकर्ता और उसके दोस्तों ने महिला को कार से बाहर निकालकर पेट पर लात मारी थी। महिला की कार और सीपीएम कार्यकर्ता की कार के बीच टक्कर हो गई थी। घटना के समय सभी आरोपी नशे में थे। एक महीने की प्रेग्नेंट महिला दर्द की वजह से नीचे गिर गई थी। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया था।

## तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र रायगढ़ एवं जशपुर जिले हेतु रिपोर्टर/संवाददाता चाहिए तत्काल संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
श्रीराम कॉलोनी,स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9039961090

## ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन "हेडलबर्ग" से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400